हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 26 जून 2026

11 धरने को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेसियों...



12 440 दिनों से निरंतर जारी रही नगर परिक्रमा...



## खबर संक्षेप

### कार्यवाहक सरपंच के चयन की कार्रवाई टली

**बहल।** ग्राम पंचायत सुरपुरा कला में कार्यवाहक सरपंच के चयन की कार्रवाई एक बार फिर टल गई। चयन प्रक्रिया खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की उपस्थिति में होनी थी, पर किसी कार्यवश वे मीटिंग में उपस्थित नहीं हो सके। अब कार्यवाहक सरपंच की चयन प्रक्रिया 30 जून को ग्राम सचिवालय में सुबह 11 बजे आयोजित होगी। इस बारे में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय द्वारा गांव के सभी पंच सदस्यों को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है।

### अधिकारियों ने चिकित्सा संस्थानों पर मारे छापे

**भिवानी।** जिला में लिंगानुपात में सुधार को लेकर पीएनडीटी नोडल डॉ अन्नू चौधरी ने बुधवार को शहर के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों पर छापे मारे। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों में पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड व संबंधित रिकॉर्ड बारीकी को बारीकि से जांचा, जो सही मिला। उल्लेखनीय है कि डीसी श्री गुप्ता द्वारा जिला में लिंगानुपात में सुधार को लेकर चिकित्सा विभाग को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। डीसी के निर्देशों के चलते चिकित्सा विभाग द्वारा शहर में विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### जुआ खेलने के चार आरोपियों को किया काबू

**भिवानी।** थाना सदर पुलिस भिवानी ने ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेलने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी खरक कलां के प्रभारी एएसआई धर्म सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर गांव बामला में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्र से सूचना प्राप्त हुई कि गांव बामला में सरपंच प्रतिनिधि नरेश की बैठक में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

### आपातकाल में देवदूत बन सकते हैं प्रशिक्षित नागरिक

**भिवानी।** औद्योगिक और सामाजिक क्षेत्र में सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला रैडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं भिवानी उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में इस शिविर में क्लब के सदस्यों को बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा, जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर, आपातकालीन स्थितियों में घायलों की मदद और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। अचानक आने वाली स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के बारे में बताया।

# मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सिंचाई मंत्री के आवास का किया घेराव

## अमेरिका-भारत व्यापार समझौता हित में नहीं रखा तो किसान हो जाएंगे बर्बाद : इंद्रजीत

- प्रदर्शनकारी महिला बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के कैंप आफिस पहुंचें और घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन के साथ सिंचाई मंत्री के आवास का घेराव करते किसान। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के आह्वान पर सैंकड़ों किसानों ने जलभराव/ बाढ़ रोकथाम हेतु रानियां के पास ओटू हैड पर घग्गर नदी में हिसार घग्गर ड्रेन का पानी लिफ्ट लगाकर डालने, जलभराव/ बाढ़ रोकथाम हेतु सभी ड्रेनों, नहरों की सफाई करवाने, उन्हें चोड़ा करने, किनारे मजबूत करने, जल भराव से बर्बाद फसलों नष्ट हुए घरों का मुआवजा दिलवाने, विभिन्न गांव, कस्बों व शहरों में पीने का पानी उपलब्ध करवाने हेतु 42 दिनों में नहरों में आने वाले पानी को एक सप्ताह तक चालू रखा जाए, बिजली टावरों के बदले न्यायोचित मुआवजा देने, खरीफ फसलों के लिए प्रयाप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध करवाने व बकाया ट्यूवैल कन्कैशन जारी करने की मांगों को लेकर वीरवार को भिवानी के नेहरू पार्क में किसान महापंचायत की। उसके बाद प्रदर्शन करते हुए महिला बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के कैंप आफिस पहुंचें वहां उपरोक्त मांगों के लिए मंत्री के कैंप आफिस का घेराव किया गया और अंत में आफिस के पदाधिकारी दिलबाग सिंह निमड़ी ने मंत्री से बातचीत करके एक जुलाई को मंत्री से बातचीत लिए किसान सभा प्रतिनिधि मण्डल को चंडीगढ बुलाया है और किसानों से ज्ञापन प्राप्त किए। मंच संचालन किसान सभा के राज्य महासचिव सुमित दलाल व जिला भिवानी सचिव मास्टर जगरोशन ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले महापंचायत में एक प्रस्ताव पास करके चानौत गांव के लिए पीने के पानी मांगने के आन्दोलन का समर्थन किया गया और पुलिस ज्यादतियों की निंदा की। महापंचायत में दूसरा प्रस्ताव भारत और अमेरिका के बीच हो रहे व्यापार समझौते में अमेरिका की शर्तें नहीं मानने की मांग की तथा बराबरी के आधार पर ही समझौता हो, अमेरिका के सामने आत्म समर्पण ना हो। देश हित का ध्यान रखा जाए। महापंचायत व प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि अमेरिका भारत व्यापार समझोते में हमारे किसान मजदूर हितों का ध्यान नहीं रखा गया तो हमारी कृषि और व्यापार बर्बाद हो जाएंगे, इसलिए यह समझौता बराबरी के आधार पर होना चाहिए।

### महापंचायत में ये रहे मौजूद

महापंचायत की अध्यक्षता किसान सभा के राज्य प्रधान मास्टर बलबीर सिंह, रामफल देशवाल, राजेन्द्र फतेहाबाद, कपूर सिंह हिसार, ताई धन्नों रोहतक, सुनिल मलिक रोहतक व हमजिन्दर सिरसा ने संयुक्त रूप से की। प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में कामरेड ओमप्रकाश, कमल सिंह प्रधान, संदीप धीरनवास, मास्टर विष्णु, सरबत पूनिया, शमशेर पूनिया, चांद बहादुर, कामरेड दयानन्द पूनिया, कर्ण सिंह जैनावास, राजेश कुंगड़, संतोष देशवाल, सुबेदार धनपत, छोटूराम पुनिया, अन्तर कस्वा व सुरेन्द्र राठी लोहारू शामिल रहे।



भिवानी। धरने को संबोधित करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिक यूनियन ने किया प्रदर्शन

- बिजली कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किए जाने तक जारी रहेगा आंदोलन : बल्लू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन हैड ऑफिस भिवानी संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की मांगों को लेकर किए जा रहे आंदोलन के आगाज पर 25 व 26 जून को दो दिवसीय प्रात 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के पहले दिन अध्यक्षता यूनियन सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने की तथा संचालन सिटी यूनिट सचिव राजकुमार जटासरा ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मनोज बल्लू बामला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो एग्रीडिस्कोन बनाए जा रहे हैं वे न तो किसानों के हितों में है और न ही कर्मचारियों के हित में हैं। सरकार यह सब अपने कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए बिजली बोर्ड को निजी लोगों के हाथों में सोंपने जा रही है। क्योंकि बिजली बोर्ड में कर्मचारियों की पहले ही भारी कमी है उसके बावजूद एग्रीडिस्कोन बनाकर उन्ही निगमों से डिस्कोन में कर्मचारियों को भेज रहे हैं। जिससे आने वाले समय में लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान मोंटी कुमार, चेयरमैन रमेश यादव, उपप्रधान कुलदीप तालु, पवन धनाना, अनिल कादमा, उमेश कुमार, सुरेन्द्र जेई, सुदर्शन यादव, अनिल तालु, विनोद तालु, कुलदीप जेई, अजीत घणघस जेई, धर्मेंद्र अकाउंटेंट आदि मौजूद रहे।

# जुई नहर में गिरी लग्जरी कार, सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। नहर में गिरी कार को निकालते हुए। फोटो: हरिभूमि

शहर की डाबर कॉलोनी के पास स्थित जुई नहर में गुरुवार सुबह एक मर्सिडीज कार गिरने का मामला सामने आया। घटना की जानकारी सुबह करीब 5 बजे सैर पर निकले शिवकुमार प्रजापति ने पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि उनके पास मोबाइल फोन नहीं था, इसलिए राहगीरों से मोबाइल लेकर डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद दमकल विभाग और एंबुलेंस को भी बुलाया गया। पुलिस ने हाइड्रा मशीन की सहायता से नहर में गिरी कार को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद कार को नहर से बाहर निकाल लिया गया। शिवकुमार प्रजापति ने बताया कि कार बाहर निकाले जाने के दौरान फाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस से कहा कि यह महंगी लग्जरी गाड़ी है, इसलिए इसे सावधानीपूर्वक निकालकर वे स्वयं अपने कब्जे में लेंगे ताकि वाहन को नुकसान न पहुंचे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कार चंडीगढ़ नंबर की मर्सिडीज है। हालांकि वाहन के अंदर कोई व्यक्ति नहीं मिला।

# बिना बिजली के एक घंटे तक समस्याएं सुनते रहे विधायक

- बीडीपीओ कार्यालय में नहीं आई बिजली, गर्मी से बेहाल हुए विधायक व सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा



बाढड़ा। खुले दरबार में पहुंचे विधायक को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र के विधायक उमेद पातुवास ने बुधवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय में सरपंचों के साथ बैठक कर ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान विधायक करीब एक घंटे तक सरपंचों की समस्याएं सुनते रहे, लेकिन इस दौरान कार्यालय में एक बार भी बिजली नहीं आई। बिजली गुल रहने से भीषण गर्मी में सरपंचों, अधिकारियों और कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बैठक में विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दे रही है और विभिन्न विभागों के माध्यम से गांवों में विकास योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने सरपंचों से आगामी वित्त वर्ष के लिए नई विकास योजनाओं के प्रस्ताव और एस्टीमेट तैयार कर भेजने का आह्वान किया। साथ ही लंबित योजनाओं का बजट जल्द जारी करवाने का भरोसा दिया। बैठक के दौरान सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष कृष्ण सोनी सहित विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों ने एचआरडीएफ की बकाया राशि जारी करने, निर्माण सामग्री के बढ़े हुए रेट लागू करने, खेत-खलिहान योजना की अनुदान राशि जारी करने, पेयजल, सीवरेज और अमृत सरोवर जैसी योजनाओं के लंबित एस्टीमेट तैयार करवाने तथा रुकी हुई विकास परियोजनाओं को गति देने की मांग उठाई। इस बीच बिजली आपूर्ति बाधित रहने का मुद्दा भी चर्चा में रहा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# सोलर एजेंसी दिलाने के नाम पर 8,72,200 रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस ने टाटा सोलर एजेंसी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह विभिन्न कंपनियों की सोलर एजेंसी संचालित करता है तथा नई सोलर एजेंसी लेने के लिए उसने ऑनलाइन आवेदन किया था। इसी दौरान आरोपियों ने फर्जी वेबसाइट के माध्यम से स्वयं को टाटा सोलर एजेंसी उपलब्ध करवाने वाला बताकर अलग-अलग समय पर विभिन्न ऑनलाइन ट्रांजैक्शनों के माध्यम से उससे कुल 8,72,200 की राशि प्राप्त कर ली। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आर्यन पुत्र निरंजन निवासी गंगापुर जिला जहानाबाद हाल निवासी विजयनगर रुकनपुरा पटना, अभिषेक कुमार पुत्र अजय निवासी रायपुर जिला पटना हाल निवासी रुकनपुरा पटना ईद्र लोक पुत्र अशोक निवासी में जिला नालंदा बिहार हाल निवासी विजयनगर रुकनपुरा पटना के रूप में हुई है।

# खातों से पैसे निकालने वाले साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़

- जोधपुर से आरोपी गिरफ्तार, 15 मोबाइल व 2 लैपटॉप बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। पुलिस हिरासत में ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

दादरी की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पीके फाइल के माध्यम से बैंक खातों से पैसे निकालने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी को राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 स्मार्टफोन, 2 लैपटॉप और 6 सिम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत वर्ष 4 दिसंबर को गांव छप्पार निवासी रविन्द्र ने शिकायत दी थी कि उसके व्हाट्सएप पर एक संदिग्ध ए पीके फाइल प्राप्त हुई थी। फाइल को ओपन करने के बाद उसके तथा उसकी पत्नी के बैंक खातों से कुल 71 हजार 208 रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी जांच और मोबाइल नंबरों की लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर हेड कांस्टेबल मुकेश और उनकी टीम ने राजस्थान के जोधपुर में छापेमारी कर हरिष वैष्णव को गिरफ्तार किया। आरोपी के ठिकाने से 15 स्मार्टफोन, 2 लैपटॉप और 6 सिम कार्ड बरामद किए गए, जिनमें साइबर फ्रॉड से संबंधित डिजिटल साक्ष्य पाए गए। पूछताछ में आरोपी के साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़े होने के महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

# मांगें पूरी नहीं की गईं तो जेल भरो आंदोलन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

बिजली विभाग के कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कस्बे के उपमंडल बिजली कार्यालय में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हरियाणा राज्य विद्युत बोर्ड से जुड़े बिजली कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 29 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के साथ जेल भरो आंदोलन करने का ऐलान किया है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार की नीतियों के कारण बिजली क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा मिल रहा है, जिसका वे पुरजोर विरोध करेंगे। कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर नीति को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने, डीसी रेट एवं एचकेआरएन कर्मचारियों को नियमित कर समान कार्य के लिए समान वेतन देने तथा आउट ऑफ सर्कल कार्यरत कर्मचारियों को उनके होम सर्कल में स्थानांतरित करने की मांग की। साथ ही एक्स-ग्रेशिया नीति में संशोधन, वेतन विसंगतियों का समाधान और सभी कर्मचारियों के लिए इंटर-यूटिलिटी ट्रांसफर लागू करने की भी मांग की गई।

**उपलब्धि** — पूर्व छात्र शिक्षा, शोध और उद्योग के क्षेत्र में स्थापित कर रहे नई पहचान

# माइक्रोबायोलॉजी के छात्रों का सीएसआईआर यूजीसी जेआरएफ में चार का हुआ चयन

बापोड़ा की अंजलि ने अखिल भारतीय रैंक 32 हासिल कर बढ़ाया विश्वविद्यालय का मान पुरस्कार देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी के माइक्रोबायोलॉजी (सूक्ष्मजीव विज्ञान) विभाग के विद्यार्थियों ने शिक्षा, अनुसंधान और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2026 में विभाग के चार विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित सीएसआईआर-यूजीसी जेआरएफ परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विभाग और विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

**शोध और उद्योग में भी छात्रों का डंका :** माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विद्यार्थी केवल शिक्षा और अनुसंधान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उद्योग और शोध संस्थानों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। विभाग की पूर्व छात्रा शिल्पा ने वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) के प्रमुख संस्थान सीएसआईआर-आईएमटेक, चंडीगढ़ (इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोबियल टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़) में प्रोजेक्ट असिस्टेंट (परियोजना सहायक) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। विभाग के अन्य पूर्व छात्र भी देश की अग्रणी फार्मा (औषधि) और बायोटेक (जैव प्रौद्योगिकी) कंपनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

### होनहारों का प्रदर्शन दूसरे छात्रों के लिए प्रेरणा



अंजलि तथा गुरजीत।

बापोड़ा गांव की छात्रा अंजलि ने सीएसआईआर-यूजीसी जेआरएफ परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 32 प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में अंजलि पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़) के मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी (चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान) विभाग में पीएचडी (विद्यावाचस्पति) कर रही हैं और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसके साथ ही विभाग के गुरजीत, मोनिका और तन्नु ने भी इस परीक्षा में शानदार रैंक प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत का परिचय दिया है। गुरजीत वर्तमान में कुरुक्षेत्र में अपनी नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) कोचिंग अकादमी संचालित कर रहे हैं और शिक्षा के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### करियर काउंसलिंग से मिला मार्गदर्शन

विद्यार्थियों को भविष्य की दिशा देने के उद्देश्य से माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने हाल ही में ऑनलाइन करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में विभाग के पूर्व विद्यार्थियों और शोधार्थियों (शोधकर्ताओं) ने अपनी शैक्षणिक यात्रा, शोध अनुभव और जीवन की चुनौतियों को जूनियर छात्रों के साथ साझा किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव प्रो. भावना शर्मा,डीन प्रो. ललिता गुप्ता ने होनहार विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर डॉ. प्रीति और डॉ. ललिता ने कहा कि यह विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है । विद्यार्थियों की यह सफलता कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नवाचार (इनोवेशन) और दृढ़ निश्चय के साथ विज्ञान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करें।

# सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। रोड सेफ्टि को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए।

एसडीएम डॉ विरेन्द्र सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल के साथ प्रभावी रूप से कार्य करना होगा। एसडीएम डॉ विरेन्द्र सिंह लघु सचिवालय के हाल में आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक के दौरान एजेंडे में रखे गए बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास करना आवश्यक है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में एक्सीडेंट प्रोन एरिया या ब्लैक स्पॉट्स की पहचान एवं सुधार, रोड सेफ्टी ऑडिट, सडकों के पैच वर्क तथा अन्य संबंधित कार्यों और यातायात के नियमों की पालना करवाने बारे विस्तार से चर्चा की गई। इससे पहले उन्होंने पिछली बैठक के तहत जिन बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए थे उसकी भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां भी सडकों की मरम्मत या पैच वर्क की आवश्यकता है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाई जाए तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, थ्री राइडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग सहित अन्य ट्रेफिक नियमों के उल्लंघन होने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति अभियान के तहत हुई प्रतियोगिता

**चरखी दादरी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखी दादरी में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, सेमिनार, रंगोली तथा रैली का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में आरजू ने प्रथम स्थान, शोभावति ने द्वितीय स्थान, आरती की तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता जिला समाज कल्याण विभाग से शंकर सोलंकी ओर महेश थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा हमारे समाज के लिए कलंक है। नशा को जड़ से खत्म करना चाहिए। भैरवी गांव में नशा मुक्ति की रैली निकाली गई।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**भिवानी।** पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 26 जून को दोपहर बाद दो बजे आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री राजेश नागर करेंगे। ये जानकारी देते हुए नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल परिवार 13 परिवाद रखे जाएंगे, जिनमें चार पुराने तथा नौ परिवाद नए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री राजेश नागर कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखे जाने वाले परिवादों की सुनवाई करेंगे तथा उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देंगे। इस बैठक में सभी विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### निरंकारी संत समागम में उमड़े भक्त

**भिवानी।** निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा के पावन आशीर्वाद से शनिवार 27 जून को कृष्णा कालोनी भिवानी स्थित श्री शिव शक्ति मन्दिर पार्क में प्रातः 06.30 बजे से 08.00 बजे तक विशाल निरंकारी सन्त समागम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता देहरादून (उत्तराखंड) से मिशन के महान प्रचारक महात्मा श्री राजीव बिजलवान जी करेंगे। श्री बलदेव राज नागपाल जोनल इंचार्ज भिवानी जोन ने सभी प्रभु भक्तों से विनम्र निवेदन किया है कि इस सन्त समागम में पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के कृपा करें और स्वयं आशीर्वादों के पात्र बनें।

### बाबा कांशी मंदिर में मूर्ति स्थापना समारोह 28 को

**भिवानी।** छोटी काशी भिवानी की पावन धरा हमेशा से ही देवी-देवताओं और संतों की पूजनीय स्थली रही है। इसी कड़ी में भिवानी जिला के गांव कोंट में 28 जून को धार्मिक समागम होने जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और भक्ति का माहौल व्याप्त है। गांव कोंट स्थित बाबा कांशी मन्दिर परिसर में 28 जून को बाबा कांशी का भंडारा, भव्य कीर्तन तथा मूर्ति स्थापना समारोह अत्यंत धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। वही इससे पूर्व 27 जून को प्रातः गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी इस बारे में जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि प्रेम सिंह व ग्रामीण महाबीर जांगड़ा प्रधान ने बताया कि आयोजन को लेकर दादा कांशी विकास समिति तथा समस्त ग्रामवासियों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

## गरीब परिवारों को उजाड़ने की कोशिश के खिलाफ धरना छठे दिन भी जारी

# धरने को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेसियों ने सरकार पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दिनोद गेट स्थित टिबड़ेवाल सभागार के सामने पिछले 65 वर्षों से मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवारों का पेट पाल रहे छह गरीब परिवारों को जबरन और गैर-कानूनी तरीके से दुकान खाली करवाने कोशिशों के खिलाफ पीड़ित परिवारों द्वारा शुरू किया गया धरना अब एक जन आक्रोश का रूप लेता जा रहा है। इस दौरान रोजाना विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी धरने को अपना समर्थन देने पहुंच रहे है। इसी कड़ी में वीरवार को अनिश्चितकालीन धरने के छठे दिन कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के नेतृत्व में कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता धरने को समर्थन देने पहुंचे तथा सरकार के ईशारे पर की गई इस गैर कानूनी कार्रवाई की जमकर आलोचना की। धरने की अध्यक्षता सैनी कल्याण परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी ने की तथा संचालन सैनी विचार मंच इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक सुरेश सैनी ने किया



भिवानी। आयोजित धरने को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सरकार व प्रशासन की कार्रवाई पर उठाए सवाल

इस दौरान कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि पिछले 65 वर्षो यहां रह रहे 6 परिवारों की दुकानें खाली करवाने के लिए से भाजपा के तथाकथित नेता पुलिस प्रशासन को लेकर पहुंचे, वो ना केवल गैर कानूनी था, बल्कि न्याय व सुरक्षा प्रणाली पर भी सवालिया निशान है। जिसके विरोध में पीड़ित परिवारों द्वारा धरना दिया जा रहा है। कांग्रेस इस धरने को पूरी तरह से समर्थन करती है तथा पीड़ितों को विश्वास दिलाती है कि उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि यदि कोई जमीनी विवाद है तो उसका समाधान न्याय पालिका के फैसले पर ही निर्भर होता है, लेकिन सत्ता व वर्दी के रौब दिखाते हुए आमजन को प्रताड़ित व परेशान करना न्यायपालिका पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के समर्थन है तथा जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल जाता, वे कंधे से कंधा मिलाकर हर संघर्ष में साथ देगी।

### कमजोर वर्गों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

किसान सभा, एनएसयूआई, व्यापार मंडल, महात्मा ज्योतिबा फूले जनकल्याण संगठन, सैनी विचार मंच इंडिया, सैनी सभा के प्रतिनिधि धरना स्थल पर पहुंचे तथा धरने को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की जबरन कार्रवाई पूरी तरह से कानून विरोधी है, जो कि सीधे तौर मानवीय अधिकारों को उल्लंघन है। ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है, ताकि इस प्रकार के असामाजिक तत्वों पर पूरी तरह से नकेल लगाई जा सकें। उन्होंने कहा कि दोषी लोगों की लिखित में शिकायत की है, लेकिनन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तथा वे एसपी व डीसी से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का कार्य आमजन को सुरक्षापूर्ण माहौल देना है, लेकिन जब पुलिस अधिकारी ही असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर आमजन को प्रताड़ित करने लगे तो आमजन किससे सुरक्षा की उम्मीद करेगा। उन्होंने कहा कि दशकों से यहां रहकर अपनी रोजी-रोटी कमा रहे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# डीडीपीओ ने प्रत्येक शिकायत के समाधान के दिए निर्देश



भिवानी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

- लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में डीडीपीओ सोमबीर कादयान की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

डीडीपीओ के समक्ष समाधान शिविर में पतराम गेट निवासी प्रमिला ने पड़ौस की मसाला चक्की से उनके मकान व स्वास्थ्य पर हो रहे नुकसान और चक्की संचालक द्वारा जान से मारने की धमकी देने की शिकायत रखी। इस पर डीडीपीओ ने नगर परिषद अधिकारी को रिहायशी क्षेत्र में कहीं अवैध कमर्शियल गतिविधि मामले की जांच करने के निर्देश दिए। पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने मुंढ़ाल-तालू ड्रेन का लेवल सही करवाने, खरक कला निवासी वेदो ने गली में बने रैंप को हटवाने, गैरसरकारी सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार ने शहर में नकली दूध व पनीर बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाने, गैर सरकारी सदस्य नरेंद्र ग्रेवाल ने गांव बामला, फुलपुरा, नौरंगाबाद और सिरसा घोघड़ा गांवों में टैंकों को भरने हेतू बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाने बारे, हालुवास निवासी उदयवीर ने नाले के ऊपर से खेतों में जाने का रास्ता बनवाने की समस्या रखी।

### ये पहुंची शिकायतें

इसी प्रकार से हालुवास माजरा देवसर निवासी पूर्व सैनिक विजय कुमार ने गणेश कॉटन जिनिंग मिल द्वारा उसके खेत की उपजाउ मिट्टी उठवाने पर कार्यवाई करवाने बारे, बापोड़ा निवासी मुकेश कुमार ने चकबंदी का रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने, सुनीता शर्मा ने राशन कार्ड बनवाने, श्याम मार्केट निवासी राजेंद्र सिंह ने कदम हॉस्पिटल के पास सीवर लाइन बिछवाने, अनिल कुमार ने दिनोद रोड़ के लेवल को दुरूस्त करवाने, बृजपाल ने अवैध कॉलोनियों की जांच विजिलेंस से करवाने बारे, चांग निवासी माया रानी ने अवैध कब्जा हटवाने, भगवान दास कालिया ने जैन चौक में बरसाती नालों व सीवर की सफाई करवाने तथा शर्मिला, सुनीता ने पीपीपी की त्रुटि को दुरूस्त करवाने की शिकायत डीडीपीओ के समक्ष रखी।

# जल निकासी की लाइनों का किया निरीक्षण

- उपायुक्त ने विभिन्न स्थानों पर लिया ड्रेन व पानी निकासी का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

उपायुक्त मनदीप कौर ने निर्देश दिए हैं कि जिला में कहीं पर भी जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। सभी स्थानों पर बरसात के पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध हों। विभाग बरसात शुरू होने से पहले ही जरूरी उपकरण तैयार कर ले। इस बार लोगों को बरसात के कारण परेशनी का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त वीरवार बल सुबह जिला के विभिन्न स्थानों पर ड्रेन व पानी निकासी लाइनों का जायजा लेने पहुंची थी। उन्होंने सबसे पहले चरखी पावर हाऊस के पास सिंचाई विभाग की वर्कशॉप का निरीक्षण किया और कहा कि विभाग के उपलब्ध पूरी मशीनरी चालू हालत में होनी चाहिए। अगर जरूरत है तो उसके अनुसार नए उपकरणों का प्रबंध भी समय रहते कर लिया जाए। इसके बाद उपायुक्त ने नए लघु सचिवालय के पास पानी निकासी लाइन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल चिडिया मोड और घसौला व महेन्द्रगढ रोड पर खेतों में काफी जलभराव हुआ था। इसके समाधान को लेकर डाली जा रही यह लाइन लोगों सहित किसानों को काफी राहत देगी। ऐसे में निर्माण कार्य को समय पर पूरा करें और लाइन की डलान आदि का भी ध्यान रखा जाए।



चरखी दादरी। पानी निकासी लाइनों का जायजा लेते उपायुक्त।

### मांगी रिपोर्ट

इसके बाद उपायुक्त ने मिर्च गांव में पानी निकासी के लिए डाली जा रही लाइन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी लाइन के डलान को ठीक करके एसडीएम को रिपोर्ट सौंपे। उन्होंने जयश्री ड्रेरन व कमोद ड्रेन को भी जायजा लिया और उसके बाद बौंद कनाल को देखा। इस दौरान एसडीएम डा विरेन्द्र सिंह, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता वेदपाल सांगवान व सतेन्द्र सांगवान, तहसीलदार सन्नी आदि रहे।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं को गंभीरता से लें सभी अधिकारी : उपायुक्त

- घोषणाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि सभी अधिकारी मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को गंभीरता से लें। इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो घोषणाओं अभी लंबित हैं, उन पर जल्द कार्य किया जाए तथा जिन पर कार्य प्रगति पर है, उन्हें पूरा करने में तेजी लाएं, ताकि इन परियोजनाओं के पूरा होने से आमजन को लाभ मिल सके। साथ ही प्रत्येक परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

अतिरिक्त उपायुक्त गुरुवार को अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कुछ परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मार्केटिंग, पशुपालन, शिक्षा, पंचायत, स्वास्थ्य, औधोगिक प्रशिक्षण आईटीआई, सिंचाई, बिजली, जनस्वास्थ्य, खेल, बीएंडआर, महिला एवं बाल विकास, परिवहन विभाग में प्रस्तावित एवं अन्य सम्बंधित विभागों से फीडबैक लिया और जो कार्य पैंडिंग है उन्हें जल्द शुरू करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### जरूरी निर्देश दिए

सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा मुख्यालय स्तर पर लंबित परियोजनाओं को लेकर नियमित फॉलोअप लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी एवं लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



लोहारू। निर्जला एकादशी में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए लोग।

# निर्जला एकादशी पर लोगों ने मीठे पानी की छबील और भंडारा लगाया

**लोहारू।** गुरूवार को निर्जला एकादशी के मौके पर लोगों ने शहर में मीठे पानी छबील और कहीं भंडारा लगाकर पुण्य कमाया। यहीं नही अनेक लोगों ने शहर की श्री गोपाल गोशाला में गायों के लिए मीठी स्वामणी, चारा, फल और गुड़ आदि का दान कर परोपकार किया। बता दें कि गुरूवार को सुबह से ही शहर के मुख्य पंचायती मंदिर, रेलवे स्टेशन, उजाड़िया श्री हनुमान मंदिर, लोहारू रेडीमेड गारमेंट मार्केट, बस स्टेंड और पुराना शहर इलाके में लोगों ने मीठे पानी की छबील और भंडारा आदि की तैयारियां शुरू कर दी थी। श्रीश्याम सेवा समिति के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन के पास मीठे पानी की छबील लगई तथा रेडीमेड गारमेंट मार्केट में मार्केट के सदस्यों जितेंद्र जांगड़ा, अनिल शर्मा, वीरेंद्र कुमार, राजकुमार गुर्जर, सुनील कुमार सहित अनेक लोगों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया।

# सक्षम स्कूल की पूर्व छात्रा सना पुनिया ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

द सक्षम स्कूल की पूर्व छात्रा सना पुनिया ने इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुअरीज ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित एसीईटी परीक्षा में 81प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। सना की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार तथा पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करना सना की प्रतिभा, कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। सना द सक्षम स्कूल की मेधावी पूर्व छात्रा रही हैं। उनकी यह उपलब्धि विद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने सना तथा उनके अभिभावकों तथा करिअर कोच रामचंद्र पुनिया को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



चरखी दादरी। सना पुनिया को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

# प्रकृति संतुलन के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी : डा. उमेद शर्मा

- आदर्श गांव सूई में मनाई गई निर्जला एकादशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आदर्श गांव सूई में वीरवार को निर्जला एकादशी और गायत्री जयंती का पावन पर्व बेहद श्रद्धा, उल्लास और सेवा भाव के साथ मनाया गया।

इस शुभ अवसर पर श्री संकट मोचन बालाजी धाम सूई और आचार्य उमेद कौशिक विद्यानंद गुरुकुल फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जहां आचार्य उमेद कौशिक विद्यानंद गुरूकुल फाउंडेशन शिक्षण संस्थानों में पौधारोपण किया गया, वहीं दूसरी ओर आमजन के लिए शीतल जल और फल-प्रसाद की छबील लगाकर जलपान की उत्तम व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री संकट मोचन बालाजी धाम के अध्यक्ष, शिक्षाविद एवं ज्योतिषाचार्य डा. उमेद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। इनमें फलदार, फूलदार और औषधीय पौधे शामिल रहे, जिनमें मुख्य रूप से बेलपत्र, अशोक, तुलसी, त्रिवेणी, नींबू, अनार, अमरूद और कई खुशबूदार प्रजातियों के पौधे लगाए गए।



भिवानी। तपस्या पूर्ण होने पर भंडारे में भोजन करते श्रद्धालु।

# ईश्वर गिरी की 41 दिवसीय तपस्या पूर्ण होने पर हवन-यज्ञ के साथ लगा भंडारा

**भिवानी।** खरकड़ी फाटक बाबा भैय्या जोहड़ स्थित शिव मंदिर में विश्व शांति व भाईचारे को लेकर बाबा ईश्वर गिरी द्वारा की जा रही 41 दिवसीय पंच धुणी तपस्या संपन्न हुई। तपस्या के समापन पर हवन-यज्ञ व भण्डारे का आयोजन किया गया। कोमल, दीपका, राखी, अनिता, उर्मिला, लता तंवर, एडवोकेट बबली पंवार आदि महिला मंडली ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बाबा चेतन गिरी, बाबा आदित्य गिरी, बाबा नेतानाथ, बाबा मनसा गिरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमोद सिंह, वीर ततंवर, अभिजीत लाल सिंह, सुमित खुडाना, विक्रम सिंह, एडवोकेट जितेन्द्र, सोनू शर्मा, कृष्ण पंडित, जितेन्द्र चौहान,जयंत चौहान, संजय तंवर, ईशांत चौहान, शमशेर संभ्रवाल, पूजा संभ्रवाल, बबली चौहान, अशोक तंवर समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सांसद धर्मबीर सिंह ने गोरक्षा दल को भेंट की एंबुलेंस

# गोवंश को समय से इलाज दिलाने के लिए एंबूलेंस जरूरी : सांसद

*जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बढ़ता है गोसेवकों का हौसला : संजय परमार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जीव सेवा ही सबसे बड़ी मानव सेवा है। इसी मूल मंत्र को चरितार्थ करते हुए भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मबीर सिंह ने गौरक्षा दल भिवानी को एक नई एंबुलेंस सौंपी है। यह एंबुलेंस सडक़ों पर दुर्घटना का शिकार होने वाले या गंभीर बीमारी से जूझ रहे गोवंश और अन्य मूक पशु-पक्षियों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। सांसद के इस कदम की पूरे क्षेत्र में भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण माना जा रहा है। इस अवसर पर गौरक्षा दल के सेवाभाव की पीठ थपथपाते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि गौरक्षा दल भिवानी के युवा जिस निष्ठा और निःस्वार्थ भावना से दिन-रात बेजुबान जीवों की रक्षा और चिकित्सा में जुटे रहते हैं, वह अत्यंत वंदनीय है। मूक पशुओं की सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। मुझे बेहद खुशी है कि इस एंबुलेंस के माध्यम से उनके सेवा कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। जब समाज और सरकार मिलकर ऐसे कार्यों के लिए आगे आते हैं, तभी एक संवेदनशील और समृद्ध समाज का निर्माण होता है।



भिवानी। पशु एंबुलेंस भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सांसद के सहयोग को सराहा

सांसद के इस अनूठे प्रयास और निरंतर मिल रहे सहयोग की सराहना करते हुए गोरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने कहा कि सांसद धर्मबीर सिंह का यह प्रयास बेहद सराहनीय और अनुकरणीय है। साल 2019 में भी उन्होंने हमें एक एंबुलेंस दी थी और अब दोबारा इस नई गाड़ी को भेंट कर उन्होंने साबित किया है कि वे गौवंश की सुरक्षा के प्रति कितने गंभीर हैं। यदि हर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इसी तरह गौसेवा और जीव दया के कार्यों में बढ़-चढक़र सहयोग करें, तो न केवल धरातल पर काम कर रहे गोसेवकों का हौसला दोगुना हो जाता है।

### मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने भी सांसद और गौरक्षा दल दोनों के प्रयासों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि गौरक्षा दल और सांसद महोदय का यह साझा प्रयास भिवानी के लिए एक मिसाल है। इस नई एंबुलेंस में घायल और भारी पशुओं को आसानी से गाड़ी के अंदर चढ़ाने के लिए एक विशेष लिफ्टिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। जैसे ही यह लिफ्टिंग मशीन एंबुलेंस में इंस्टॉल हो जाएगी, उसके तुरंत बाद इस एंबुलेंस का विधिवत उद्घाटन और हरी झंडी दिखाने का कार्य स्वयं सांसद धर्मबीर सिंह जी के कर-कमलों द्वारा करवाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी अधिकारी राजाराम भी साथ रहे।

## 440 दिनों से जारी परिक्रमा, निर्जला एकादशी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# कबीर जयंती पर 29 तक निकाली जाएगी पांच दिवसीय नगर परिक्रमा : चरणदास



भिवानी। परिक्रमा में शामिल श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी नगरी इन दिनों पूरी तरह से भक्तिमय रंग में रंगी हुई है। स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर परिवार द्वारा आयोजित की जा रही भव्य नगर परिक्रमा वीरवार को अपने 440वें दिन में प्रवेश कर गई। बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में निकाली जा रही इस परिक्रमा को लेकर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को निर्जला एकादशी पर भी नगर परिक्रमा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**धार्मिक यात्रा भिवानी की विरासत को पुनर्जीवित करने का एक सराहनीय प्रयास**

### परिक्रमा से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार

महंत चरणदास महाराज ने कहा कि नगर परिक्रमा केवल एक शारीरिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह आत्मा की शुद्धि और समूचे नगर के कल्याण की कामना का एक जरिया है। जब सैकड़ों भक्त एक साथ निःस्वार्थ भाव से समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुए परिक्रमा करते हैं, तो पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे न केवल व्यक्ति का मानसिक तनाव दूर होता है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा और समरसता की भावना भी सुदृढ़ होती है। चरणदास महाराज ने बताया कि संत शिरोमणि कबीर साहब जयंती के उपलक्ष्य में 29 जून तक शहर में पांच दिवसीय विशाल नगर परिक्रमा निकाली जाएगी।

श्रद्धालु प्रतिदिन की तरह सुबह-सुबह भगवान के भजनों और जयकारों के साथ शहर की सडक़ों पर निकले। 440 दिनों से लगातार चल रही इस धार्मिक यात्रा की सबसे खास बात यह है कि यह केवल एक परिक्रमा नहीं, बल्कि भिवानी की समृद्ध विरासत को पुनर्जीवित करने का एक सराहनीय प्रयास है। परिक्रमा के बारे में बताते हुए बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि परिक्रमा के माध्यम से युवा पीढ़ी ना केवल विभिन्न प्राचीन मंदिरों के दर्शन कर रही है, बल्कि भिवानी के ऐतिहासिक दरवाजों के महत्व और उनके पीछे छिपे गौरवशाली इतिहास से भी रूबरू हो रहे है।



भिवानी। निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पानी पिलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## एकादशी पर धारेडू में लगाई छबील

- रंगीला श्याम युवा मंडल ने निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी व कोल्ड ड्रिंक, बांटे फल

**भिवानी।** ज्येष्ठ मास की तपती धूप और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच निर्जला एकादशी के अवसर पर वीरवार को गांव धारेडू में मानवता की सेवा का एक अनुपम उदाहरण देखने को मिला। रंगीला श्याम युवा मंडल धारेडू धाम के बैनर तले युवाओं ने एक भव्य छबील का आयोजन किया। सुबह से लेकर देर शाम तक चले इस सेवा शिविर में गांव से गुजरने वाले हर राहगीर, वाहन चालक और स्थानीय नागरिक को रोक-कर पूरी श्रद्धा के साथ ठंडा-मीठा जल, शीतल पेय और मौसमी फल वितरित किए गए। युवाओं का यह सेवा भाव क्षेत्र में चर्चा और प्रशंसा का विषय बना हुआ है। इस सेवा कार्य की कमान संभाल रहे रंगीला श्याम युवा मंडल के प्रधान साधुराम ने युवाओं के हौसले को बढ़ाते हुए कहा कि सनातन धर्म में निर्जला एकादशी पर जल सेवा को सर्वोत्तम माना गया है। इस कडक़ती धूप में जब इंसान का गला सूख रहा हो, तब उसे शीतल जल उपलब्ध करवाना नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प को पूरा करता है। युवा मंडल का एकमात्र उद्देश्य यही है कि गांव और आसपास के क्षेत्र में कोई भी राहगीर इस प्यास और तपिश में परेशान न हो। युवाओं ने जिस समर्पण के साथ आज दिनभर सेवा की है, वह वास्तव में प्रेरणादायी है।

# छबील प्राचीन संस्कृति की सेवा: सर्राफ

- निर्जला एकादशी पर शीतल पेय का दान भारतीय संस्कृति में महादान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गत वर्षो से निरन्तर सेवा में तत्पर वैश्य महाविद्यालय परिवार ने इस बार भी निर्जला एकादशी के पुण्य अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर मीठे दूध व गुलाबयुक्त शरबत की छबील लगाकर आमजन की सेवा की। सुबह से ही राहगीरो की प्यास बुझाने के लिए लगाई गई छबील एक तरफ तो लोगो के कलेजे को ठंडक पहुंचा रही थी दूसरी तरफ स्वच्छता का संदेश भी दे रही थी। छबील का शुभारंभ भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ,उपाध्यक्ष डॉ पवन बुवानी वाला,वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ संजय गोयल एवं कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज द्वारा किया गया।



भिवानी। निर्जला एकादशी पर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### निस्वार्थ मानव सेवा ही सच्ची सेवा

अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई मानवता की सेवा वास्तव में सबसे बड़ी व सच्ची सेवा है उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और कहा जाता है कि इस दिन व्रत रखने से साल भर की एकदशी का पुण्य प्राप्त हो जाता है। इस दिन कुछ विशेष चीजें दान करने से दुर्भाग्य दूर हो जाते है।

# एकादशी पर मीठे जल का वितरण

- किसी ने मीठा जल तो किसी ने बांटा प्रसाद तो किसी ने खिलाए छोले भटूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा मीठे जल, शरबत और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, वाहन चालकों और आमजन को ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य अर्जित किया गया। इस दौरान सेवकों ने सड़क पर गुजर रही गाड़ियों को रुकवाकर लोगों को मीठे जल का सेवन करवाया तथा निर्जला एकादशी के महत्व की जानकारी भी दी। शहर के बाबा कमाल मंदिर के समीप अमित डुमड़ा, इशु खुराना, रोहित, नमन डुमड़ा आदि, शिव मंदिर के सामने विकास महता, शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास जोगेन्द्र, श्रीभगवान, वीके फोटोस्टेट के सामने विशाल आदि रहे।



बवानीखेड़ा। निर्जला एकादशी पर राहगीरों को मीठा पानी पिलाते हुए।



भिवानी। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# शिविर में आयुर्वेद से स्वस्थ जीवन जीने का दिया संदेश

- आयुष आरोग्य मंदिर मुंढाल खुर्द में वृद्ध सेवा एवं स्वास्थ्य कैंप का आयोजन, 47 की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

ग्रामीण अंचल में बुजुर्गों के बेहतर स्वास्थ्य और आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. रश्मि शर्मा निर्देशानुसार वीरवार को आयुष आरोग्य मंदिर मुंढाल खुर्द में एक विशेष वृद्ध सेवा एवं स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य न केवल बीमारियों की जांच करना था, बल्कि योग और सही दिनचर्या के माध्यम से लोगों को निरोगी जीवन जीने की राह दिखाना भी रहा। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुंढाल खुर्द के सरपंच हर्षवीर ढुल द्वारा किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. रविन्द्र और फार्मासिस्ट दिनेश की देखरेख में स्वास्थ्य शिविर का सफल संचालन किया गया। 47 मरीजों की मधुमेह और रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई।

### अभ्यास करवाया

योग सहायक कुलदीप सिंगल, पूनम घणघस और मंजीत ढुल की टीम ने कैंप में आए बुजुर्गों और युवाओं को योग की विभिन्न क्रियाओं व प्राणायाम का लाइव अभ्यास कराया। योग सहायकों ने उपस्थित जनसमूह को समझाया कि कैसे सूक्ष्म व्यायाम और ध्यान के जरिए ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी लाइफस्टाइल बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने सभी को एक स्वस्थ और अनुशासित दैनिक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने इस सफल और जनकल्याणकारी कैंप के आयोजन के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा, स्थानीय डॉक्टर्स व योग टीम का सहृदय आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से किया मजबूत: सर्राफ

- विधायक घनश्याम सर्राफ ने पीएम स्वनिधि के 50 हजार रूपए का ऋण समय पर चुकाने वाले लाभार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को पंचायत भवन में जिला स्तरीय पीएम स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। विधायक सर्राफ ने रेहड़ी-फड़ी संचालकों एवं छोटे दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 50 हजार रूपए के ऋण को चुकाने वाले लाभार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



भिवानी। एकत्रित रेहड़ी फडी संचालकों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### 50 हजार के ऋण से शुरू किया व्यवसाय

मंजू रानी ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान वह सब्जी की रेहड़ी लगाती थीं। बाद में उन्होंने कपड़ों का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने 50 हजार रुपये तक का ऋण लिया है। आज वह एक सफल कपड़ा विक्रेता के रूप में है। हनुमान गेट निवासी दिव्यांगजन प्रेमनाथ ने बताया कि उन्होंने 10 हजार रुपये के ऋण से मटका निर्माण कार्य शुरू किया। समय पर ऋण चुकाने के बाद उन्होंने 20 हजार रुपये का ऋण लेकर अपने व्यवसाय का विस्तार किया है।

### पीएम स्वनिधि योजना ने संवारी रेहड़ी व फड़ संचालकों की जिंदगी

पीएम स्वनिधि महोत्सव में अनेक लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि इस योजना ने उनके जीवन को संवारने का काम किया है। कार्यक्रम में पहुंची शहर से पतराम गेट निवासी बबीता ने बताया कि करीब चार-पांच वर्ष पूर्व वह आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। उन्हें पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी मिली। पहले 10 हजार रुपये का ऋण लेकर ब्यूटी पार्लर का कार्य शुरू किया। समय पर ऋण चुकाने के बाद उन्होंने 20 हजार रुपये और बाद में 50 हजार रुपये का ऋण प्राप्त किया।

## कागजों तक सीमित रही नप की सफाई व्यवस्था

**भिवानी।** छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी शहर इन दिनों स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद की घोर लापरवाही के कारण बदहाली के आंसू रो रहा है। शहर की जल निकासी और सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष और आक्रोश व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब सत्ताधारी दल से जुड़े जन-प्रतिनिधि भी सडक़ों पर उतरने के लिए मजबूर हो गए हैं। भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भगवान दास कालिया ने भिवानी के उपायुक्त को समाधान शिविर में शिकायत पत्र सौंपकर नगर परिषद की पोल खोल दी। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि शहर की बुनियादी सफाई व्यवस्था के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

## बहल में राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी

**बहल।** धार्मिक आस्था, सेवा और परोपकार के प्रतीक पर्व निर्जला एकादशी के अवसर पर क्षेत्र में सेवा भावना का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा एवं जनसेवा के भाव से छबील लगाकर राहगीरों, दुकानदारों और आमजन को ठंडा शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने शीतल शरबत ग्रहण कर राहत महसूस की और इस वोसेवा कार्य की सराहना की। इस मौके पर भाजपा नेता हनुमान शर्मा पाजू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है। यह पर्व हमें संयम, सेवा, दान और मानवता की भावना को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों को ठंडा जल या शरबत पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है और इसी भावना के साथ यह सेवा कार्य किया गया है। वही, निर्जला एकादशी पर अनाज मंडी में शिव भोले भंडारी ग्रुप द्वारा, मैन रोड पर और राजगढ़ रोड पर पानी की छबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया।



बहल। बिजली बोर्ड के सामने पानी की छबील में पानी पिलाते हुए कार्यकर्ता।

# सरकार की कल्याणकारी को आमजन तक पहुंचाए: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

भाजपा बापोड़ा मंडल के हेतमपुरा शक्ति केंद्र पर मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की नीतियों, संगठन की मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा केंद्र एवं हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

**बापोड़ा मंडल के हेतमपुरा शक्ति केंद्र पर हुई बैठक**



तोशाम। बापोड़ा मंडल की बैठक में कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करते हुए।

# मांग के अनुसार बनेगी कमोद की सड़क

- उपायुक्त ने स्वीकृति के लिए मुख्यालय भिजवाया मामला
- कमोद गांव में हुआ प्रशासन का रात्रि ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

कमोद में मुख्य मार्ग से गांव तक आने वाली सड़क की लंबित समस्या का समाधान होने जा रहा है। इस सड़क को लेकर गांव के लोगों की मांग थी कि इसे सीमेंट ब्लॉक की जगर तारकोल वाली सामग्री से बनाया जाए। उपायुक्त मनदीप कौर ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से यह मामला अनुमति के लिए चंडीगढ मुख्यालय को भिजवा दिया है। गांव में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त ने इस कार्य को करवाया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मुख्यालय व उप मंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।



चरखी दादरी। रात्रि ठहराव में समस्या सुनते उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

### अवैध कब्जों पर की थी शिकायत

उपायुक्त के समक्ष गांव के लोगों ने अवैध कब्जों को लेकर शिकायत की। इसपर उन्होंने कहा कि जिला के सभी गांव की अवैध कब्जों को लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। प्रशासन की ओर से कानून के दायरे में काम करते हुए सभी कब्जों को हटाया जाएगा। रात्री ठहराव के दौरान उपायुक्त के समक्ष 22 शिकायतें रखी गई। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने नागरिकों से कहा कि सरकार एवं प्रशासन जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रहे है।

## लोगों को पेयजल और खेत में सिंचाई के लिए सभी नहरों के टेल तक पानी पहुंचाने के प्रति दृढ़संकल्प : श्रुति चौधरी

# 33.78 करोड़ के सिंचाई विकास कार्यों को मिली गति

- जल प्रबंधन योजना से क्षेत्र में बढ़गी पानी की उपलब्धता , किसानों को मिलेगा सीधा लाभ और सिंचाई व्यवस्था में होगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

प्रदेश की सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के प्रयासों से जिला में विशेषकर हलका तोशाम क्षेत्र में अनेक माईनरों के जीर्णोद्धार कार्यों की सौगात मिली है, जिससे किसानों को सीधा लाभ होगा। किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जल प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न नहरों, माइनरों, पुलों और पाइपलाइन परियोजनाओं पर करीब 33.78 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और सिंचाई व्यवस्था को आधुनिक एवं मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी, सिंचाई व्यवस्था में सुधार होगा और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। सिंचाई विभाग के अनुसार विभिन्न परियोजनाओं पर कुल 33 करोड़ 78 लाख 01 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी, जिससे भिवानी जिले के अनेक गांवों को लाभ होगा।



सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी।

### माइनरों के जीर्णोद्धार पर इस प्रकार खर्च होगी 33.78 करोड़ रुपये की राशि

आलमपुर माइनर की रीमॉडलिंग पर 342.19 लाख, थिलोड डिस्ट्रीब्यूटरी की रीमॉडलिंग पर 690.41 लाख, डाडम डिस्ट्रीब्यूटरी की रीमॉडलिंग पर 411.56 लाख, सांगवान माईनर रीमॉडलिंग पर 169.12 लाख, डाडम हिल माइनर की रीमॉडलिंग पर 161.7 लाख, झांवरी डिस्ट्रीब्यूटरी की रीमॉडलिंग पर 105.76 लाख, निगाना नहर व फीडर पर पुल निर्माण पर 1206.22 लाख, दांग माईनर की मरम्मत पर 22.01 लाख, हेतमपुरा माइनर की मरम्मत पर 22.01 लाख, पटौदी कलां में स्थित सितुवाला जोहड़ के लिए आरसीसी पाइपलाइन पर 11.12 लाख, सिसर माइनर का जीर्णोद्धार कार्य पर 225.89 लाख और बिडौला माइनर पर पुल निर्माण पर 9.84 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे।

### आलमपुर माइनर का होगा रीमॉडलिंग कार्य

सिंचाई मंत्री के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजना नेता एडवोकेट हरि सिंह सांगवान ने जानकारी देते हुए बताया कि आलमपुर माइनर, थिलोड़ डिस्ट्रीब्यूटरी, डाडम डिस्ट्रीब्यूटरी, डाडम हिल माइनर तथा झांवरी डिस्ट्रीब्यूटरी की रीमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा निगाना नहर और निगाना फीडर पर पुलों का निर्माण, हेतमपुरा माइनर की लाइनिंग, पटौदी कला के सीतूवाला तालाब तक क्षेत्र तक भूमिगत आरसीसी पाइपलाइन तथा सिसर माइनर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व पूर्व सांसद किरण चौधरी के प्रतिनिधि एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, प्रदीप गोलागढ़, पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जांगड़ा, सुखबीर चयरमैन, अमित बापौडा आदि ने किसानों व आमजन के हित मे लिए गए इस निर्णय के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी व पूर्व सांसद किरण चौधरी का आभार जताया है।